## नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

**गोटेगांव, देशबन्धु।** वायु मंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक हित में नरसिंहपुर जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाने के लिए जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर शीतला पटले ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंध लगाया है। जनसामान्य को बाधा, क्षति, मानव जीवन स्वास्थ्य, क्षेम के खतरे के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले की सीमाओं में खेत में खेड़े गेहूं के डंठलों (नरवाई) एवं फसल अवशेषों में आग लगाये जाने पर प्रतिबंध लगाया है। इस आदेश को 24 अक्टूबर से दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।



नरवाई में आग लगाने से भूमि में मौजूद माइक्रोब्ज की क्षति होती है। इसके साथ ही यह पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनायें घटित हुई हैं तथा व्यापक सम्पत्ति की हानि कारित हुई है। ग्रीष्म ऋतु में इससे जल संकट में बढ़ोत्तरी होती ही है, साथ ही कानून व्यवस्था के लिए भी विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं।

राज्य शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के अंतर्गत जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुपालन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिसूचित किया गया है। मप्र में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के तहत नरवाई जलाना तत्समय से तत्काल प्रतिबंधित किया गया है, जो वर्तमान में निरंतर है। पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना के अंतर्गत नरवाई में आग लगान वालों के विरूद्ध क्षतिपूर्ति के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। दो एकड़ तक के कृषकों को 2500 रुपये, दो से 5 एकड़ तक के कृषकों को 5 हजार रुपये और 5 एकड़ से बड़े कृषकों को 15 हजार रुपये का अर्थदंड प्रति घटना का प्रावधान किया गया है।

जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार खेत की आग के नियंत्रित होने तक जन, सम्पत्ति व प्राकृतिक वनस्पति, जीवजंतु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक परिस्थितिक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शनैः घट रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। खेत में पड़ा कचरा, भूसा, डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं, इन्हें जलाकर नष्ट करना प्राकृतिक खाद्य को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिले में कई कृषकों द्वारा रोटोवेटर व अन्य साधनों से गेहूं के डंठल खेत से हटाने के लिए साधन अपनाये जाने लगे हैं। अतः कृषकों के पास वैकल्पिक सुविधा जो कि जनहित में भी उपलब्ध हो गई है। नरवाई जलाने से भूमि की लवण सांद्रता प्रभावित होती है, जो पौधों द्वारा पोषक तत्वों के अवशोषण की दर निर्धारित करती है।

उल्लेखनीय है कि उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि जिले में फसल कटाई के पश्चात अगली फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए बहुसंख्यक कृषकों द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर फसल काटने के उपरांत भूमि में जड़ व डूढ (नरवाई) को नष्ट कर खेत साफ किया जाता है। इससे व्यापक अग्नि दुर्घटनायें होकर जन- धन की हानि होती है। इसे नरवाई में आग लगाने की प्रथा के नाम से भी जाना जाता है। नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाना जनहित में आवश्यक है, जिस पर जिला दंडाधिकारी द्वारा उक्त आदेश जारी किया है।

## गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण होने पर हुई कार्रवाई

### नौ भरे और पांच खाली घरेलू सिलेंडर जब्त

**गोटेगांव, देशबन्धु।** कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन में घरेलू गैस सिलेंडर का दुरूपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग नरसिंहपुर की जांच दल द्वारा विशेष अभियान बुधवार व गुरूवार को चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने भरे एवं खाली गैस सिलेंडरों को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया।



अभियान के दौरान गुरूवार 24 अक्टूबर को जांच दल कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर शिवकुमार पाडेय व रामनारायण दीक्षित और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी करेली सौरभ राय ने ग्राम बचई स्थित महेश स्टूडियो से घरेलू 14.2 किलोग्राम के 9 भरे, 5 खाली व 5 किलोग्राम के 3 खाली गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण पाया गया।

इसी प्रकार बुधवार 23 अक्टूबर को जांच दल कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चांवरपाठा रंजना सिंह व करेली रामनाराण दीक्षित, राजस्व विभाग के पटवारी प्रेम पटेल एवं ऋषि पुरोहित द्वारा खेरोनिया ट्रेडर्स के बाजू में भामा रोड तेंदूखेड़ा में प्रमोद जैन के निवास स्थान से घरेलू गैस सिलेंडर 14.2 किलोग्राम के 13 नग भरे, 6 खाली एवं गैस रिफिलिग मशीन एक नग का अवैध भंडारण पाया गया।

उक्त गैस सिलेंडरों को जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/ 7 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

## सार-समाचार

### योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**सौंसर, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा के आदेशानुसार विगत 21 अक्टूबर 2024 को शासकीय प्राथमिक माध्यमिक हायर सेकेंडरी विद्यालय के योग प्रभारी शिक्षकों का एकदिवसीय योग प्रशिक्षण अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन सौसर में आयोजित हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक चैनसा यादव सीएम राइस विद्यालय के उपप्राचार्य संजय गवनेकर तथा जिला योग प्रभारी संगीता बेंडे की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें विकासखंड योग प्रभारी राजेंद्र सरवरे ,रंजना कुमरे ने योग से संबंधित कक्षा 1 से 12 के सिलेबस को विद्यालय में लागू करने संबंधी विस्तार से प्रकाश डाला तथा योग की विधाओं से अवगत कराया।*इस प्रशिक्षण में सौसर विकासखंड के संबंधित शालाओं से योग प्रभारी उपस्थित रहे जिनकी संख्या 134 रही। जिसका आयोजन सीएम राइस विद्यालय प्राचार्य द्वारा किया गया।

### साइकिल वितरण कार्यक्रम




**बरमान, देशबन्धु।** विगत दिवस मध्य प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजना साइकिल वितरण कार्यक्रम शासकीय स्कूल बरमान में संपन्न हुआ । स्कूल में पढ़ने आयें आसपास गांव के बहुत सारे बच्चों को इस योजना का लाभ दिया गया । दूरस्थ ग्रामों से आने वाले बच्चों के चेहरे खिल उठे । इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर, जिला महामंत्री ठाकुर राजीव सिंह, मोतीलाल चौरसिया, मंडल अध्यक्ष राम नारायण सोनी, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनमोहन साहू, लक्ष्मी प्रसाद साहू, देवेंद्र सोनी शिक्षक एवं शिक्षिका ये और नन्हें मुन्ने बच्चों के अलावा पालकों की उपस्थिति भी रही ।

### कृषि प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**छपारा, देशबन्धु।** जैविक कृषि तकनीक और सर्विस देने हेतु कृषि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । लगातार खेतों की मिट्टी कमजोर हो रही है, मिट्टी की गुणवत्ता गायब हो रही है, जमीन खराब, उत्पादन कम और लागत ज्यादा हो रही है । मिट्टी परीक्षण कर कैसे जमीन को सुधारें और खेत की उर्वरा शक्ति बड़ाकर उत्पादन को कैसे बड़ाए इसकी शुरुआत के लिए सेवा प्रदान हेतु जिले में प्रथम किसान सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें इंदौर से आए जैविक कृषि एक्सपर्ट राज सोनी ने मिट्टी परीक्षण करने के सही तरीके और लाभ बताए, छिंदवाड़ा से जैविक सलाहकार एस एल नागवंशी , सनोज बन्देवार जी के द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।

### कपास खरीदी शुरु, मुहूर्त के दिन 7101 रुपए खुला भाव



**सौंसर, देशबन्धु।** बेरडी स्थित कैलाश इंडस्ट्रीज एवं कपास जिनिंग में कपास खरीदी का मुहूर्त किया गया। शुक्रवार को पहले दिन के कपास खरीदी के मुहूर्त पर किसान नंदू काकड़े का कपास 7101 रूपये प्रति क्विंटल के भाव के साथ ख़रीदा गया । कपास खरीदी के मुहूर्त पर अशोक सुधा, राधेश्याम सुधा, कैलाश सुधा, राधेश्याम रुंघे, संजय रुंघे, की प्रमुख उपस्थिति में की गयी ।

### विधायक ने किया आभार व्यक्त



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव विधानसभा के लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश ने भोपाल विधायक निवास में जाकर माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात की वह लगातार मुख्यमंत्री से संपर्क कर क्षेत्र की कार्य योजना को विकसित बनाने हेतु मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रहे हैं जिस पर उन्होंने चर्चा की मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है । विचार विमर्श उपरांत क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी वही गोटेगांव विधायक ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया है।

## हत्या-आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए एसपी को लिखा पत्र

**सौंसर, देशबन्धु।** सौसर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हत्या/आत्महत्या के प्रकरणों की निष्पक्ष जांच के संबंध में विधायक ने पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा को पत्र लिखा।

विधायक विजय चौरे ने पत्र के माध्यम से बताया कि सौसर विधानसभा क्षेत्र में माह अक्टूबर में घटित हत्या एवं आत्महत्या की घटनाओं से पूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।



.आज से कुछ दिवस पूर्व मेघना पिता नारायण दुबे निवासी हर्रई नगर परिषद पिपला नारायण वार में स्वच्छता सर्वेक्षण में दैनिक वेतन भोगी के पद पर कार्यरत थी।

मेघना का शव किराए के कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। मेघना के इस आत्मघाती कदम पर परिवारजनों एवं नगरवासियों को विश्वास नहीं हो रहा हैं। कुछ स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह हत्या का मामला है जिसे आत्महत्या का रूप दिया गया है।

अगर मृतका ने आत्महत्या की है तब आत्महत्या करने का कारण क्या था? अथवा क्या उसे किसी ने मजबूर किया था? अथवा उसे किस कारण से यह अत्यंत गंभीर कदम उठाना पड़ा अथवा उसे आत्महत्या करने के लिए विवश करने वाले दोषियों के विरूद्ध जांच कर त्वरित कार्यवाही की जाएं।

.ग्राम पंधराखेड़ी में सुभाष पराड़कर का शव उनके ही घर के समीप गंभीर अवस्था में प्राप्त हुआ। परिवारजनों का आरोप है कि उनकी हत्या की गई थी। जिसमे पुलिस प्रशासन द्वारा प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई है जिसमे पुलिस प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया है मामले की निष्पक्ष विवेचना कर समस्त आरोपियों को गिरफ्तार करे। ग्राम पंधराखेड़ी आंबाखापा के समीपस्थ स्थित कुएं से प्राप्त मृत महिला की हत्या/आत्महत्या के प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाएं।

## भंसाली विद्या मंदिर के छात्र मैत्रेय ने जीता गोल्ड मैडल




**सावनेर, देशबन्धु।** भंसाली विद्या मंदिर सातनुर के छात्र मैत्रेय मुकेश बागड़े ने हाल ही में नागपुर में हुई कराते काता प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल जीतकर भंसाली स्कूल परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

संस्था प्राचार्य जहीर अहमद पटेल ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ करियर के संबंध में भी संस्था में मार्गदर्शन दिया जाता है। इसी के अंतर्गत हाल ही में नागपुर में यंग मूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कराटे टूर्नामेंट में भंसाली स्कूल के कक्षा छठवीं के छात्र मैत्रेय मुकेश बागड़े ने कराते काता में गोल्ड मेंडल और कुमितो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। मैत्रेय बागड़े की इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देकर स्वागत सत्कार किया है। पुर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड नपाध्यक्ष सुरेखा डागा, ने भी नगर का गौरव बढ़ाने वाले होनहार छात्र मैंत्रेय बागड़े को भी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कि, साथ ही सौसर में भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, बौध्द नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सरक्षक मुरलीधर कामले, व्यापारी संगठन अध्यक्ष दिलीप बागडे, तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा अध्यक्ष सहादेवराव गोडबोले, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल अध्यक्ष सूगत बागडे, बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे, सुजाता महिला मंडल सौसर अध्यक्ष चंद्रप्रभा ठवरे, मुक्ताबाई साल्वे महिला मंडल सौसर की गरिमा तेलंगे आदि द्वारा इस उपलब्धि पर स्वागत किया गया है।




### संभाग स्तरीय जुडो प्रतियोगीता के लिऐ हुआ चयन

**सौंसर, देशबन्धु।** 22 अक्टोम्बर को शासकीय महाविद्यालय पांढुरना मे जिला स्तरीय अन्तर महाविद्यालयिन जुडो प्रतियोगीता का आयोजन हुआ जिसमे शासकीय महाविद्यालय सौसर के 6 छात्रों ने अपने वजन वर्ग में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया जिसमे 4 छात्रों का संभाग स्तरीय जुडो प्रतियोगीता के लिए चयन हुआ )

चयनित छात्रों मे साक्षी मालवीय, अतुल परतेति, संगम गावंडे, बुद्धपाल सोमकुंवर है ये खिलाड़ी संभाग स्तरीय जुडो प्रतियोगिता मे जिले का प्रतिनिधित्व करेगे सभी छात्रों की उपलब्धि पर शासकीय महाविद्यालय सौसर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. इंदौरकर, क्रीडा प्रभारी डॉ. एन. के. गेडाम क्रीडा प्रशिक्षक संजय भुजाडे एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा सभी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## कल्चुरी समाज के जिला पदाधिकारियों की बैठक

**गोटेगांव, देशबन्धु।** श्रीधाम सुरभि होटल में कलचुरी कलार समाज जिला नरसिंहपुर की जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई । सर्व प्रथम भगवान सहस्त्र बाहु जी के चित्र पर माल्यार्पण पूजन हुआ तत्पश्चात इस बैठक में आगामी 8 नवंबर पर आयोजित होने वाले भगवान सहस्त्र बाहु जी के जन्म जयंती के साथ सामाजिक कार्यक्रमों की रूप रेखा तय की गई जिसमें कलचुरी समाज के सामाजिक बंधुओं ने आम चर्चा कर अपने अपने विचार साझा किए,



इस अवसर पर कल्चुरी समाज के जिला संयोजक किशोर राय , जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे,महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती माया चौकसे उपाध्यक्ष डॉ. प्रखर राय,नगर अध्यक्ष गाडरवारा मनीष जायसवाल, वरिष्ठ संरक्षक बद्री प्रसाद चौकसे,रवि शेखर जायसवाल,अनिल राय, श्रीमती मनीषा राय,श्रीमती स्वाति जायसवाल श्रीमती अनीता जायसवाल,अखिलेश राय, नरेंद्र राय, राधारमण राय,जितेंद्र राय सालीचौका, युवा जिला अध्यक्ष आशीष राय,गोटेगांव अध्यक्ष राजेंद्र राय तेंदूखेड़ा अध्यक्ष महेश राय ने सहभागिता की एवं आगामी 8 नवम्बर को भगवान सहस्त्रबाहु जी की जयंती जिला स्तर पर गाडरवारा में ही मनाने का निर्णय हुआ जिसका गाडरवारा समाज के वरिष्ठो ने स्वागत करते हुए पुरे मनोयोग से मनाने का संकल्प लिया।

इस बैठक में जिले से पधारे समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं नरसिंहपुर गाडरवारा गोटेगांव करेली आमगांव सालीचौका तेंदूखेड़ा साईंखेड़ा चीचली पनागर हीरापुर उसरी डांगीढाना के सामाजिक जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री रुपेश राय ने एवं आभार गाडरवारा की नवनियुक्त महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती सुनीता चौकसे ने किया।

उपरोक्त जानकारी जिला प्रवक्ता रघुनाथ राय एवं विनोद चौकसे ने दी है।

## एमपीएल टूर्नामेंट : एकतरफा जीत होने से सेमीफाइनल में पहुंची जेस 11



**सिवनी, देशबन्धु।** एमपीएल टूर्नामेंट के आज आखिरी क्वार्टर फाइनल मैच जेस 11 ने एक तरफा मैच जीतकर सेमीफाइनल की चौथी टीम बनी। आज का चौथा क्वार्टर फाइनल जैस 11 और एमसीसी के मध्य खेला गया । एमसीसी कप्तान साजिद सफारी ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गोपालगंज निर्धारित 10 ओवर मे 7 विकेट के नुकसान पर 72 बनाकर जेस 11 को 73 रनों का लक्ष्य दिया । गोपालगंज की ओर शानू ने सर्वाधिक 18 रन की पारी के खेली, जेस 11 की और से सुनील सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में आठ रन देकर दो विकेट लिया ।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेस 11 में यह लक्ष्य 7.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 73 बनाकर यह मैच जीत हासिल की। सेमीफाइनल की यह चौथी टीम बनी ।प् जेस 11 की ओर से सुनील ने 24 गेंद पर 41 रनो की शानदार पारी खेली। गोपालगंज की ओर से सुनील भारती में दो ओवर में 20 रन लेकर दो विकेट प्राप्त किया । सुनील सिंह ने ऑलराउंड प्रदर्शन कर मैच के मैन ऑफ द मैच रहे । जिन्हें नाइट राइडर के कप्तान राजा खान की ओर से पुरस्कार ,साथ में सुनील की शानदार पारी के लिए भीम मैया के द्वारा मेडल से सम्मानित किया गया । मैच के निर्णायक आरिफ भाई और नितिन कटरे रहे।

कल जो सुबह पहला सेमीफाइनल 7:15 बजे से बॉयज और शाइनिंग स्टार के मध्य होगा और दूसरा सेमीफाइनल 9:15 एमसीजी और जेस 11 के मध्य खेला जाएगा ।

**अरविंद राय उपाध्यक्ष**
एमपीएल टूर्नामेंट

**In The Court of XVI, Civil Judge Class-1 District Court, Jabalpur presiding Officer:**
**मृणाल मोहित**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000046/2024
संतोष राय ....... आवेदक
Vs
आम जनता ... अनावेदक
Process Id- /2024
पेशी दिनांकः- 29/11/2024

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष राय पता सोहागपुर आदेगांव जिला- सिवनी (म.प्र.) पिन कोड- 480827 ने मृतक केशर बाई चौकसे निवासी- कालीमठ राम मंदिर के सामने, मदन महल, आमनपुर जबलपुर (म.प्र.) की भारतीय स्टेट बैंक, मदन महल शाखा मदन महल जबलपुर से जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 29 नवंबर 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 29 नवंबर 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 21 अक्टूबर 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा-

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छाया प्रति संलग्र है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(मृणाल मोहित)**
**सोलहवें सिविल न्यायाधीश**
**(वरिष्ठ खंड) जबलपुर , (म.प्र.)**

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 26 अक्टूम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक कृष्ण पक्ष की दशमी, नक्षत्र- अश्लेषा।**

**मेष**
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

**वृषभ**
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**मिथुन**
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।

`क-

**कर्क**
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

**सिंह**
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

**कन्या**
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

**तुला**
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

**वृश्चिक**
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

**धनु**
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

**मकर**
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

**कुंभ**
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन**
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म.